# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

तृतीय तल, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर,
अटल नगर, पिन–492002 (छत्तीसगढ)
दूरभाष–0771–2511285, फैक्स–0771–2511288, ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com


पत्र क्र. / NHM / HR / 2023 / 506 / 2063 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 04/09 / 2023

## // विज्ञापन //

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ अंतर्गत आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत पदों के आधार पर राज्य एवं जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निम्नांकित रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से **ऑनलाईन आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in** के माध्यम से दिनांक 06/09/2023 से 25/09/2023 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

### *भाग – 'अ'*

**01. राज्य स्तर पर रिक्त पदों का विवरण –**

| स. क्र. | पदनाम | मुक्त | | | | | मुक्त पदों मे से महिला हेतु आरक्षित | | | | | मुक्त पदों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ ना. | अ. ज. जा. | अ. जा. | अ. पि.व. | कुल पद | अ ना. | अ. ज. जा. | अ. जा. | अ. पि.व. | कुल पद | |
| 1 | State Epidemiologist - IDSP | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | State Epidemiologist - NCD | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | State Consultant-Vaterinary | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | State Consultant-RKSK/AH | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | State Consultant-Procurement & Logistics (NTEP) | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | State Consultant-(QA) | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | State Consultant-AMB | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | State Consultant-NUHM | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Zonal Entomologist | 1 | 1 | 0 | 0 | **2** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Manager-Data (IDSP) | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| स. क्र. | पदनाम | मुक्त | | | | | मुक्त पदों मे से महिला हेतु आरक्षित | | | | | मुक्त पदों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ ना. | अ. ज. जा. | अ. जा. | अ. पि.व. | कुल पद | अ ना. | अ. ज. जा. | अ. जा. | अ. पि.व. | कुल पद | |
| 11 | Programme Associate - Vaccine & Logistics Management | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | Programme Associate - NVHCP | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | Accountant | 0 | 1 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 14 | Programme Assistant-QA | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Sr. Secretarial Assistant | 2 | 7 | 2 | 0 | **11** | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 3 |
| | **कुल योग –** | **15** | **9** | **2** | **0** | **26** | **0** | **2** | **0** | **0** | **2** | **4** |

## 02. जिला स्तर पर रिक्त पदों का विवरण –

| स. क्र. | पदनाम | मुक्त | | | | | मुक्त पदों मे से महिला हेतु आरक्षित | | | | | मुक्त पदों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ ना. | अ. ज. जा. | अ. जा. | अ. पि.व. | कुल पद | अ ना. | अ. ज. जा. | अ. जा. | अ. पि.व. | कुल पद | |
| 1 | District Programme Manager | 2 | 3 | 2 | 1 | **8** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 2 | District Consultant-PCPNDT | 0 | 1 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | District Consultant - NTCP | 1 | 3 | 2 | 1 | **7** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | District Microbiologist - IDSP | 7 | 7 | 3 | 3 | **20** | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2 |
| 5 | Programme Associate - Biomedical Engineer | 3 | 7 | 2 | 3 | **15** | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| | **कुल योग –** | **13** | **21** | **9** | **8** | **51** | **2** | **4** | **0** | **0** | **6** | **7** |

03. विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता व संविदा वेतनमान –

| स. क्र. | पदनाम | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता व अनुभव | एकमुश्त मासिक वेतनमान |
|---|---|---|---|
| | | राज्य स्तरीय पद | |
| 1 | State Epidemiologist - IDSP | 01) Medical Graduate with Post Graduate Degree/ Diploma in Preventive and Social Medicine/Public Health or Epidemiology (such as MD, MPH, DPH, MAE etc.) (Regular) with knowledge of MS office and data analysis.<br>**Or**<br>2) Any Medical Graduate (Regular) with 3 year experience in Public Health with knowledge of MS office and data analysis. | 60,500/- |
| | | 3) M.Sc. (Epidemiology) (Regular) with 3 year experience in Public Health with knowledge of MS office and data analysis.<br>**Or**<br>4) MPH (Masters in Public Health) (Regular) with 3 year experience with knowledge of MS office and data analysis. | 45,000/- |
| 2 | State Epidemiologist - NCD | 1) MBBS with MD/DNB in Community Medicine/PSM<br>**Or**<br>2) MBBS/BDS/Alied Health Science with PG Degree or Diploma in Health Management/ MHA (Health)/ MPH (all two years of regular course from recognised university/institute) with National Health Programme. | 60,500/- |
| | | 3) M.Sc. (Epidemiology) (Regular) with 3 year experience in Public Health with knowledge of MS office and data analysis.<br>**Or**<br>4) MPH (Masters in Public Health) (Regular) with 3 year experience with knowledge of MS office and data analysis. | 45,000/- |
| 3 | State Consultant-Vaterinary | Bachelor Degree in Veterinary Science and Animal Husbandary (as listed in 1st and 2nd Schedule of Indian Veterinary Council Act) Regitration in Veterinary Council of India or State Veterinary Council with 02 Years experience in State Veterinary Public Health or Veterinary Epidemiology or Animal Health. | 45,000/- |
| 4 | State Consultant-RKSK/AH | Master in Public Health (MPH)/MBA (Health) (Regular)<br>With 02 years experience in Health Sector & Knowledge of MS Office. | 45,000/- |
| 5 | State Consultant-Procurement & Logistics (NTEP) | MBA in Logistic and Supply Chain Management (Regular) with 2 year experience in relevant field with knowledge of Computer Application. | 45000/- |
| 6 | State Consultant- (QA) | Master in Public Health (MPH)/MBA (Health) (Regular)<br>With 02 years experience in Health Sector & Knowledge of MS Office. | 45,000/- |
| 7 | State Consultant-AMB | Master in Public Health (MPH)/MBA (Health) (Regular)<br>**OR**<br>M.H.A.( Master of Health Administration) Regular.<br>**OR**<br>MBA (Master of Business Administration in Health Management) Regular. Minimum 2 Year Experience in Health Sector | 45000/- |
| 8 | State Consultant-NUHM | Master in Public Health (MPH)/MBA (Health) (Regular)<br>**OR**<br>M.H.A.( Master of Health Administration) Regular.<br>**OR**<br>MBA (Master of Business Administration in Health Management) Regular. Minimum 2 Year Experience in Health Sector. | 45000/- |

| स. क्र. | पदनाम | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता व अनुभव | एकमुश्त मासिक वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 9 | Zonal Entomologist | Post Graduate Degree in Zoology (Entomology)/Life Science (Regular). For life Sciences candidate Zoology as one of the subjects at graduation with 01 year of work experience in concerned field & Knowledge of MS Office. | 35,000/- |
| 10 | Manager-Data (IDSP) | 1) M.Sc. Statistics/M.Sc. Epidemiology (Regular) with 2 year experience.<br>2) Post Graduate degree in Computer Science (Regular) with minimum 3 year experience.<br>3) BE in IT/CS (Regular) with minimum 3 year experience.<br>(Final Merit List will be prepared on the basis of order of priority. like 1, 2,3) Preference will be given to those who have worked in health sector. | 34000/- |
| 11 | Programme Associate - Vaccine & Logistics Management | 1) MBA in Logistic and Supply Chain Management (Regular) with 2 year experience in relevant field with knowledge of Computer Application.<br>2) Master in Public Health (MPH) (Regular)/ MBA-Health (Regular) with 1 Year of work experience in Health Sector & Knowledge of MS Office.<br>(Final Merit List will be prepared on the basis of order of priority. like 1, 2). | 34000/- |
| 12 | Programme Associate - NVHCP | Master in Public Health (MPH)/ MBA (Health)- Regular with 1 Year of work experience in Health Sector & Knowledge of MS Office. | 34000/- |
| 13 | Accountant | M.Com./MBA in Finance (Regular) With 01 year of work experience in concerned field & Knowledge of Tally.<br>**Or**<br>B.Com.(Regutar) With 02 year of work experience in concerned field & Knowledge of Tally. Common Merit listwill be PreDffd | 21300/- |
| 14 | Sr. Secretarial Assistant | BCA (Minimum 50%) (Regular) + Hindi and English Typing with the speed of 40 W.P.M. with 1 year experience.<br>**Or**<br>Graduation (Regular) (Minimum 50%) + PGDCA + Hindi and English Typing with the speed of 40 W.P.M. with 1 year experience. | 16500/- |
| 15 | Programme Assistant-QA | MBA (Regular) With PGDCA, Konwledge of Hindi Typing , 01 Year experience preferably in health sector.<br>**Or**<br>Graduation (Regular) Minimum 50% Knowledge of MS Office (Word, Excel, Powerpoint) & Accounts Will be Preferable with PGDCA, Konwledge of Hindi Typing. 2 Year of Work Experience preferably in Health Sector.<br>(Final Merit List will be prepared on the basis of order of priority. like 1, 2) | 24,500/- |
| | | **जिला स्तरीय पद** | |
| 1 | District Programme Manager | 1) MBBS with PG Degree/PG Diploma in public health/Health Management/Health Administration/MBA Hospital & Health Care (Regular) with Knowledge of MS Office.<br>2) BDS with PG Degree/PG Diploma in public health/Health Management/ Health Administration/MBA Hospital & Health Care (Regular) with 03 years experience in Health Sector & Knowledge of MS Office.<br>3) Any other medical graduate (BAMS/ BHMS/BUMS/ Other Health Allience) with Master Degree in public health/Health Management /Health Administration. (Regular) with 03 years experience in Health Sector & Knowledge of MS Office.<br>(Merit List will be prepared on the basis of PG marks.) | 52,000/- |

| स. क्र. | पदनाम | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता व अनुभव | एकमुश्त मासिक वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 2 | District Consultant-PCPNDT | Master Degree in Public health/Health Management/ Health Administration (Regular) With 01 years experience in Health Sector & Knowledge of MS Office. | 35,000/- |
| 3 | District Consultant - NTCP | Master Degree in Public health/Health Management/ Health Administration (Regular) With 01 years experience in Health Sector & Knowledge of MS Office. | 35,000/- |
| 4 | District Microbiologist - IDSP | 1) MSc Medical Microbiology (Regular).<br>2) MSc Microbiology (Regular) with 02 Years Experience in Medical Diagnostic.<br>(Preference will be given to person with experience in PCR Testing.) | 35,000/- |
| 5 | Programme Associate - Biomedical Engineer | B.Tech/B.E. in Biomedical Engineering (Regular) from Govt. recognized university/institution of India.with 01 year of work experience in the installation & maintainance of medical equipments and other realted work. | 30,000/- |

## *भाग–स*

## आवेदन–पत्र के संबंध में दिशा–निर्देश

**01. आवेदन पत्र के संबंध में :–**

1.1 आवेदक विभागीय वेबसाइट www.cghealth.nic.in में विज्ञापन का प्रारूप देख सकते है।

1.2 दिनांक 06/09/2023 **से** 25/09/2023 **सायं 05:00 बजे** तक विभागीय वेबसाईट **www.cghealth.nic.in** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इसके अलावा अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

1.3 विज्ञापन तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाय़ेगा तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन हेतु अंतिम तिथि के पश्चात् कोई भी प्रमाण पत्र स्वीकर नहीं किये जायेंगे। अतः अर्हता को सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन में संलग्न करना सुनिश्चित करें अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं क़िया जायेगा।

**02. आयु सीमा :–**

2.1 01 जनवरी, 2023 को अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होना चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 को आधार मानकर की जायेगी।

**03. आवेदन शुल्क :–**

3.1 परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क के संबंध में राज्य शासन के सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के संबंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10–2/2022/एक(1) दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा।

3.2 अन्य राज्य के अभ्यर्थियों हेतु आवेदन शुल्क –

| संवर्ग | शुल्क का विवरण | |
|---|---|---|
| | 25000/– प्रतिमाह से कम वेतनमान वाले पदों हेतु | 25000/– प्रतिमाह से अधिक वेतनमान वाले पदों हेतु |
| विकलांग/महिला | 100 | 200 |
| अनारक्षित वर्ग | 300 | 400 |

3.3 अन्य राज्य के अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही देय होगा। देय शुल्क का Reference Number का उल्लेख करने पर ही आवेदन मान्य होगा। अपूर्ण (Incomplete)/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी, ऐसे आवेदन पत्र तत्काल अमान्य कर दिये जावेंगे।

3.4 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जायेगा। अतः अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान न होने की स्थिति में आवेदन स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।

3.5 अन्य राज्यों के आवेदक एक से अधिक पदों हेतु आवेदन कर सकते है। किन्तु पृथक–पृथक आवेदन पत्र भरना होगा। परीक्षा शुल्क आवेदित पदों में उच्चतम वेतन के अनुरूप एक बार ही देय होगा तथा उक्त शुल्क भुगतान का Reference Number समस्त आवेदनों में अंकित कर Final Save करना अनिवार्य होगा।

3.6 अन्य राज्यों के अभ्यर्थी आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल में दिये गये Fee Payment link में Click करें और आवेदन शुल्क का भुगतान करें। भुगतान करने के पश्चात् किये गये भुगतान का विवरण Applicaion Fee Section में भरकर Final Save of Application पर Click करें। ऑनलाईन आवेदन से संबंधित विस्तृत विवरण ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध है।

3.7 Final Save of Application करने के बाद आवेदन पत्र डाउनलोड कर अभ्यर्थी स्वयं का हस्ताक्षर करेंगे एवं उक्त हस्ताक्षरित आवेदन पत्र को स्कैन कर PDF अपलोड कर Final Submit पर Click करेंगे। हस्ताक्षरित आवेदन पत्र अपलोड कर Final Submit करने पर ही आवेदन मान्य किया जावेगा।

**4 भर्ती प्रक्रिया :–**

4.1 प्राप्त आवेदन पत्रों एवं संलग्न दस्तावेजों की स्क्रुटनी उपरांत दावा–आपत्ति हेतु पात्र–अपात्र अभ्यर्थियों की सूची, सूचना एवं अन्य निर्देशों का प्रकाशन विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.inमें पृथक से किया जायेगा। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। अन्य किसी भी माध्यम से पृथक से कोई सूचना अभ्यर्थी को नहीं दी जायेगी।

4.2 दावा–आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि में केवल आवेदन पत्र में भरे गये दस्तावेज के संबंध में ही मान्य किया जावेगा। अन्य नवीन दस्तावेज मान्य नहीं किया जावेगा।

4.3 संविदा भर्ती के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम एवं समय–समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होंगे। ... किसी भी प्रकार के आरक्षित वर्ग की श्रेणी में आने वाले उम्मीदवारों के द्वारा दावा करने पर उनके वर्ग पद में नियमानुसार प्राथमिकता दिया जावेगा।

4.4 छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ नही दिया जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों को अनारक्षित श्रेणी में रखा जायेगा।

4.5 प्राप्त आवेदनो में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/चयन हेतु आमंत्रित किया जावेगा :–

| क्र. | कुल विज्ञापित पदो की संख्या | स्क्रीनिंग/लिखित/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 5 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 3 गुना |

4.6 लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है :–

- 10वीं अंकसूची/जन्म प्रमाण पत्र।
- स्नातक/स्नातकोत्तर/अन्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्षों की अंकसूची।
- संबंधित डिग्री।
- संबंधित काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
- रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)।
- छत्तीसगढ़ के निवासियों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)।
- पहचान पत्र। (आधार कार्ड/वोटर आई.डी./पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पता, फोटो हो)
- अनुभव प्रमाण–पत्र।
- अनापत्ति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)।
- अन्य संबंधित दस्तावेज (यदि लागू हो तो)।

4.7 **लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु प्रावीण्य सूची :–**

4.7.1 अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता(स्नातक/स्नात्तकोत्तर) के सभी वर्षो के प्राप्तांको के प्रतिशत का–65 प्रतिशत।

4.7.2 अनुभव 10/15 अंक संबंधित पदों से संबंधित को ही मान्य किया जायेगा। (एन.एच.एम. छत्तीसगढ़ अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियो को (प्रत्येक वर्ष हेतु 3 अंक) अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियो को (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक) अधिकतम 10 अंक)

4.7.3 अनुभव प्रमाण–पत्र (आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से संबंधित हो) केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगे।

4.7.4 निजी संस्था से प्राप्त कार्य अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को नियमानुसार पात्र सूची में सम्मिलित किया जावेगा, किन्तु उन्हें अनुभव का अंक प्रदान नहीं किया जावेगा। इस हेतु अनुभव आवेदित पद से संबंधित होना अनिवार्य है।

**4.7.5 विज्ञापन में निर्धारित उच्चतम शैक्षणिक योग्यता के उपरांत किये गये कार्य अवधि के अनुभव की गणना की जावेगी।**

4.8 **अंतिम चयन सूची :–**

4.8.1 पात्र अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड कौशल परीक्षा/साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जावेगा।

4.8.2 अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (स्नातक/स्नात्तकोत्तर) के सभी वर्षो/सेमेस्टरों के प्राप्तांको के प्रतिशत का–65 प्रतिशत।

4.8.3 अनुभव 10/15 अंक संबंधित पदों के ही मान्य किये जावेंगे। (एन.एच.एम. छत्तीसगढ़ अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियो को (प्रत्येक वर्ष हेतु 3 अंक) अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियो को (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक) अधिकतम 10 अंक)

4.8.4 अनुभव प्रमाणपत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होगें। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगें।

4.8.5 निजी संस्था से प्राप्त कार्य अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को नियमानुसार पात्र सूची में सम्मिलित किया जावेगा, किन्तु उन्हे अनुभव का अंक प्रदान नहीं किया जावेगा।

4.8.6 कौशल परीक्षा–20 अंक (पद के अनुरूप लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड/साक्षात्कार/अन्य के स्वरूप में कौशल परीक्षा ली जावेगी)

4.8.7 कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के कुल अंको का 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य है। 40 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में उम्मीद्वारो को अपात्र माना जावेगा।

4.8.8 अंतिम प्रावीण्य सूची अनिवार्य मूल शैक्षणिक योग्यता (स्नातक/स्नात्तकोत्तर) के सभी वर्षो के प्राप्तांको के प्रतिशत का 65 प्रतिशत अंक, अनुभव के अंक तथा कौशल परीक्षा में प्राप्तांको के जोड़ के आधार पर तैयार की जावेगी। जहां पर शैक्षणिक योग्यता प्राथमिकता क्रम में दर्शित हो वहाँ पर अंतिम चयन हेतु प्रावीण्य सूची अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में दर्शित प्राथमिकता क्रम के अनुसार ही रहेगी।

4.8.9 प्रावीण्य सूची में छत्तीसगढ़ के अभ्यार्थियों के पश्चात् ही अन्य राज्यों के अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में आरक्षण का लाभ नही दिया जावेगा।

4.9 **प्रतीक्षा सूची** :–

उक्त पद के लिये वर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा उक्त पद के लिये नवीन भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने तक जो पहले हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदो को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा। **प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदो हेतु 150 प्रतिशत, 50 से अधिक पदो हेतु 100 प्रतिशत अभ्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची मे रखा जायेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।**

**5 भर्ती के संबंध में अन्य शर्तें :–**

5.1 **"उक्त भर्ती माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी"।**

5.2 मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। चयन के पश्चात् भी किसी भी समय किसी पत्र/प्रमाण पत्र या अन्य त्रुटि दोनो पक्षों से (किसी भी पक्ष की ओर से) पाये जाने की अवस्था में नियमानुसार सेवा से पृथक किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

5.3 विज्ञापन अनुसार समस्त पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नियमित पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

5.4 शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का यू.जी.सी, ए.आई.सी.टी.ई एवं संबधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।

5.5 संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगी।

5.6 संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का प्रतिवर्ष कार्य मूल्यांकन किया जावेगा। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में संविदा सेवा अवधि की वृद्धि आगामी वर्ष हेतु की जा सकती है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर.ओ.पी. में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की कार्यवाही की जावेगी।

5.7 चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् मानव संसाधन नीति के नियमानुसार एक माह का नोटिस देकर अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा कर त्याग पत्र दिया जा सकता है।

5.8 संविदा भर्ती के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम एवं समय–समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होंगे।

5.9 संविदा भर्ती हेतु अन्य शर्ते एवं नियम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं यथासंशोधित नियम अनुसार लागू होंगे।

5.10 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। (टीप :–स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक पात्र होंगे)

5.11 उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।

5.12 विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

5.13 आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

5.14 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार का दबाव डाला/डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

5.15 ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गयी है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो, उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जायेगा।

5.16 भर्ती प्रक्रिया पर होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

5.17 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुभव अंक हेतु नियोक्ता द्वारा जारी हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा।

5.18 राज्य एवं जिला स्तर हेतु चयनित होने वाले सलाहकार को आवश्यकतानुसार नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा अन्य कार्यक्रम के सलाहकार के रूप में भी कार्य करने हेतु आदेशित किया जा सकता है।

**6 अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :–**

6.1 अभ्यर्थी द्वारा दावा–आपत्ति के दौरान ईमेल आई.डी. nhmcgdavaappati@gmail.com में दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा आपत्ति हेतु पृथक से सूचना विभागीय वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।

6.2 परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी व लिखित/कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान की जानकारी समय–समय पर केवल विभागीय वेबसाइट www.cghealth.nic.in में उपलब्ध करायी जावेगी। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। पृथक से कोई सूचना अभ्यर्थी को नहीं दी जावेगी।

6.3 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा राज्य कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर में ली जावेगी, जिसमें सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थियों को कोई व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा।

6.4 ऑनलाईन आवेदन भरते समय किसी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु कार्यालयीन फोन नंबर 0771–2511301 एवं भर्ती संबंधी जानकारी हेतु फोन नंबर 0771–2511285 पर समय प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़